# अध्याय - 2 | मानव जनन

QUIZ PART-07

1. **गर्भावस्था के दौरान भ्रूण और माता के बीच संरचनात्मक एवं क्रियात्मक इकाई क्या कहलाती है?**
   A. गर्भाशय
   B. अपरा
   C. गर्भनाल
   D. नाभि (B)

*व्याख्या :* अपरा भ्रूण और माता के बीच एक संरचनात्मक एवं क्रियात्मक इकाई है, जो भ्रूण को ऑक्सीजन और पोषक तत्व प्रदान करती है तथा अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालती है।

2. **भ्रूण अपरा से किस संरचना द्वारा जुड़ा होता है?**
   A. गर्भाशय दीवार
   B. नाभि रज्जु
   C. गर्भनाल
   D. कोरिऑनिक विल्ली (B)

*व्याख्या :* भ्रूण नाभि रज्जु के माध्यम से अपरा से जुड़ा होता है, जिससे पोषण और गैसों का आदान-प्रदान होता है।

3. **अपरा का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. भ्रूण का निर्माण
   B. निषेचन की प्रक्रिया
   C. भ्रूण को पोषण व ऑक्सीजन देना
   D. गर्भाशय की वृद्धि (C)

*व्याख्या :* अपरा भ्रूण को ऑक्सीजन और पोषण प्रदान करती है तथा कार्बन डाइऑक्साइड और अपशिष्ट पदार्थों का निष्कासन करती है।

4. **गर्भावस्था में कौन-कौन से हार्मोन अपरा द्वारा स्रावित होते हैं?**
   A. HCG और HPL
   B. FSH और LH
   C. TSH और ACTH
   D. ऑक्सीटोसिन और मेलाटोनिन (A)

*व्याख्या :* गर्भावस्था में अपरा द्वारा ह्यूमन कोरिऑनिक गोनैडोट्रॉपिन (HCG) और ह्यूमन प्लेसेंटल लैक्टोजन (HPL) जैसे हार्मोन स्रावित किए जाते हैं।

5. **गर्भावस्था के दौरान रिलैक्सिन हार्मोन का स्रवण कौन करता है?**
   A. अंडाशय
   B. पीयूष ग्रंथि
   C. अपरा
   D. भ्रूण (A)

*व्याख्या :* गर्भावस्था में अंडाशय रिलैक्सिन हार्मोन का स्रवण करता है, जो प्रसव के समय श्रोणि मांसपेशियों को शिथिल करता है।

6. **अंतःकोशिका समूह (Inner cell mass) के विभेदन के बाद कौन-से दो जर्म लेयर बनते हैं?**
   A. एक्टोडर्म और एंडोडर्म
   B. एंडोडर्म और मेसोडर्म
   C. एक्टोडर्म और मेसोडर्म
   D. उपरोक्त सभी (A)

*व्याख्या :* अंतःकोशिका समूह (Inner cell mass) के विभेदन से प्रारंभ में दो परतें बनती हैं—एक्टोडर्म (बाह्य त्वचा) और एंडोडर्म (अंतः त्वचा)।

7. **तीसरी जर्म लेयर मेसोडर्म कब विकसित होती है?**
   A. निषेचन के तुरंत बाद
   B. अंतःरोपण के बाद
   C. गर्भावस्था के मध्य में
   D. भ्रूण के बनने के बाद (B)

*व्याख्या :* अंतःरोपण के बाद एक्टोडर्म और एंडोडर्म के बीच में तीसरी परत मेसोडर्म विकसित होती है, जो शरीर के कई अंगों का निर्माण करती है।

8. **एक्टोडर्म से कौन-से अंग विकसित होते हैं?**
   A. त्वचा और तंत्रिका तंत्र
   B. हृदय और मांसपेशियाँ
   C. फेफड़े और यकृत
   D. गुर्दे और जनन तंत्र (A)

*व्याख्या :* एक्टोडर्म से बाहरी त्वचा, बाल, नाखून, और तंत्रिका तंत्र का विकास होता है।

9. **गर्भावस्था के दूसरे महीने के अंत तक भ्रूण में क्या विकसित हो जाता है?**
   A. हृदय B. पाद और अंगुलियाँ
   C. श्वसन तंत्र D. बाल (B)

*व्याख्या :* गर्भावस्था के दूसरे महीने के अंत तक भ्रूण में हाथ-पैर और अंगुलियाँ विकसित हो जाती हैं।

10. **पाँचवें महीने में भ्रूण में कौन-सा परिवर्तन होता है?**
    A. अंगों का निर्माण
    B. पहले बार गति करना
    C. कोमल बालों का निर्माण
    D. आँखों की पलकें बनना (B)

*व्याख्या :* पाँचवें महीने में भ्रूण पहली बार गतिशील होता है और सिर पर बाल दिखाई देने लगते हैं।